an>

Title:Need to prepare a scheme for supplying of PNG in Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) : महोदय, राजस्थान के कोटा शहर में वÂ◌ाऩ 2008 में घरेलू गैस लाइन बिछाने का निर्णय तत्कालीन सरकार ने किया था। वÂ◌ाऩ 2009 में पूरे पांच वÂ◌ाऩ में एक लाख घरों को कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया था। वÂ◌ाऩ 2015 तक गेल इंडिया कंपनी के द्वारा केवल 190 लोगों को कनेक्शन दिए गए हैं। 75 हजार लोगों के घरेलू गैस कनेक्शन के लिए पैसा जमा करने के बाद भी सात साल तक उनके घरेलू गैस पाइप लाइन के कनेक्शन नहीं हुए।

मेरा केंद्र सरकार से निवेदन है कि मंत्रालय तुरन्त हस्तक्षेप करके गेल इंडिया कंपनी के द्वारा जो उपभोक्ताओं को ठगा गया है और जिस घरेलू गैस पाइप लाइन के लिए वे इंतजार कर रहे हैं, उसकी कार्रवाई तुरन्त करनी चाहिए। पाइप लाइन बिछाने के काम में जो मानक हैं, गेल इंडिया कंपनी ने उन मानकों को पूरा नहीं किया। इसके कारण वह पाइप लाइन बेकार चली गई। 22 करोड़ रूपए तक का नुकसान हो चुका है। मेरा निवेदन है कि 75 हजार लोग जो प्रतीक्षारत हैं, सरकार तुरन्त कार्रवाई करके एक निश्चित समयावधि के अंदर उनको गैस कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध कराने की कार्रवाई करे।

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Om Birla.